प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान

इंदिरा ब्रिज के पास, भाट गांव, गांधीनगर-382428, गुजरात, भारत

विज्ञापन सं. 05/2025

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान भौतिकी में पीएचडी डिग्री हेतु आवेदन आमंत्रित करता है- 2025

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर), परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत एक प्रमुख वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान है, जो भाट गाँव, गांधीनगर, गुजरात में स्थित है। आईपीआर चुंबकीय परिरोध संलयन अनुसंधान तथा प्लाज्मा अनुप्रयोगों एवं सामाजिक कल्याण के लिए प्लाज़्मा प्रौद्योगिकियों के विकास में लगा हुआ है। इस संस्थान ने आदित्य और SST-1 टोकामॅक स्वदेश में ही विकसित किए हैं। यह ITER (इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर, कडराच फ्रांस) की एक देशीय संस्था है और अंतर्राष्ट्रीय LIGO (लेजर इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल ऑब्जर्वेटरी) प्रोग्राम में सहायता संघ का एक सदस्य भी है। गांधीनगर, गुजरात में औद्योगिक प्लाज़्मा प्रौद्योगिकी सुविधा केन्द्र (FCIPT) और गुवाहाटी में प्लाज़्मा भौतिकी केंद्र (CPP) में इसकी प्रयोगशालाओं का विस्तार हैं। डस्टी प्लाज़्मा, लेजर-प्लाज़्मा अंतर्क्रिया, औद्योगिक प्लाज़्मा, फ्यूजन प्लाज़्मा, टोकामॅक और रेडियोफ्रीक्वेंसी डिस्चार्ज एवं एप्लिकेशन आदि जैसे विभिन्न प्रकार के क्षेत्रों में आईपीआर में सैद्धांतिक, प्रायोगिक और कम्प्यूटेशनल प्लाज़्मा भौतिकी में डॉक्टरेट अनुसंधान हेतु अत्यधिक प्रेरित विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित हैं।

शैक्षिक योग्यता: भौतिकी, इंजीनियरिंग भौतिकी या अनुप्रयुक्त भौतिकी (एप्लाइड फिज़िक्स) विषयों में से किसी एक में न्यूनतम 60% अंकों के साथ एमएससी.(M.Sc.)डिग्री। विद्यार्थियों द्वारा स्नातक स्तर पर भौतिकी और गणित विषय पढ़ा होना चाहिए। वर्ष 2025 में स्नातक डिग्री(M.Sc.) की अपेक्षा रखने वाले उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। न्यूनतम 75% अंकों के साथ भौतिकी में बीएस/बी.एससी (4-वर्षीय) के छात्र भी आवेदन कर सकते हैं।

पात्रता मानदंड: उम्मीदवारों को राष्ट्रीय स्तर की निम्न परीक्षाओं में से, कम से कम एक में उत्तीर्ण होना चाहिए: (i) भौतिकी में GATE (पेपर कोड PH) 2023/2024/2025 के लिए मान्य और (ii) दिसंबर 2024 (जनवरी 2025) या जून 2024 (अगस्त – सितंबर 2024) में भौतिक विज्ञान(विषय कोड PHY) में CSIR - UGC-JRF-NET।

आयु सीमा: 1 अगस्त 2025 को 26 वर्ष से अधिक नहीं (01/08/1999 को या उसके बाद जन्म)। भारत सरकार के आदेशों के अनुसार अनुसूचित जाति(SC)/अनुसूचित जनजाति(ST)/अन्य पिछड़ा वर्ग(OBC)/पीडब्ल्यूडी(PWD) आदि के लिए आयु में छूट स्वीकार्य है। आयु में छूट: SC/ST - 5 वर्ष; OBC-3 वर्ष और सभी श्रेणियों की विकलांगता (PWD) वाले व्यक्ति - 10 वर्ष।

चयन प्रक्रिया: शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा। उम्मीदवारों का अंतिम चयन साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा.

साक्षात्कार विकल्प: शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार (पीआई) के लिए बुलाया जाएगा। आईपीआर में साक्षात्कार में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को आने-जाने के लिए स्लीपर क्लास रेल किराया का भुगतान किया जाएगा।

पीएच.डी. पंजीकरण: चयनित जूनियर रिसर्च फेलो (जेआरएफ), एचबीएनआई/यूजीसी मानदंडों को पूरा करने के अधीन होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (एचबीएनआई) (मानित विश्वविद्यालय) के पीएचडी कार्यक्रम में पंजीकरण के लिए पात्र होंगे। डिग्री, एचबीएनआई द्वारा प्रदान की जाएगी।

आवेदन पत्र: उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र भरें, जो आईपीआर वेबसाइट http://www.ipr.res.in/documents/jobs_career.html (ADVT # 05/2025) पर उपलब्ध है। भौतिक-साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किये गये उम्मीदवारों की घोषणा 2 मई 2025 तक आईपीआर वेबसाइट पर की जाएगी। सभी मामलों में, साक्षात्कार से संबंधित जानकारी शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को पहले ही ईमेल कर दी जाएगी।

छात्रवृत्ति और सुविधाएं: पहले दो वर्षों के दौरान एक समेकित छात्रवृत्ति 37,000/- रुपये प्रति माह और उसके अगले तीन वर्षों के लिए 42,000/- रुपये प्रति माह। पुस्तक अनुदान 60,000/- रुपये प्रति वर्ष। विद्यार्थियों को चिकित्सा सुविधा मामूली शुल्क पर उपलब्ध कराई जाएगी। आईपीआर नियमों के अनुसार उन उम्मीदवारों को आवास किराया भत्ता (एचआरए) दिया जाएगा, जो आईपीआर छात्रावास में रहने का विकल्प **नहीं** चुनते हैं।

छात्रावास में आवास: चयनित उम्मीदवारों के लिए आईपीआर परिसर के छात्रावास में रहने की सीमित सुविधा उपलब्ध हैं। छात्रावास में आवास हेतु महिला एवं पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन पत्र में आवास संबंधी अपनी पसंद का उल्लेख करें।

याद रखने हेतु महत्वपूर्ण तारीख़ें:

1. ऑनलाइन आवेदन आरंभ की तारीख: 13 अप्रैल 2025 (समय: सुबह 10:00 बजे, IST)
2. ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख: 25 मई 2025 (समय: शाम 5:00 बजे IST)

महत्वपूर्ण सूचना:

(a) ऊपर उल्लिखित सभी तिथियां (आयु सीमा को छोड़कर) बदल सकती हैं। महत्वपूर्ण जानकारी के लिए कृपया इस वेबसाइट पर विजिट करते रहें।

(b) जेआरएफ की भर्ती प्रक्रिया रद्द होने की स्थिति में, यात्रा रद्दीकरण शुल्क उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा। व्यक्तिगत साक्षात्कार प्रक्रिया के पुनर्निर्धारण के मामले में, यात्रा-पुनर्निर्धारण शुल्क उम्मीदवार द्वारा वहन किया जाएगा।

(c) इस संस्थान के पास जेआरएफ के पद को न भरने या यहां तक कि बिना कोई नोटिस जारी किए या बिना कोई कारण बताए, भर्ती की पूरी प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।